दैनिक न्याय साक्षी

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
सेहत-वास्तु-फीचर

रायगढ़, गुरूवार 14 फरवरी 2019
www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### शराब बिक्री से सरकार को 28 सौ करोड़ का राजस्व प्राप्त-आबकारी मंत्री

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ प्रदेश में पिछले 6 साल में शराब बिक्री से राजस्व के क्षेत्र में लगातार बढ़ोत्तरी हुई है। अप्रैल से नवंबर 2018 तक शराब बिक्री से 28 सौ करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। यह जानकारी छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रदेश के आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी।

### राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 17 को

कोरबा (आरएनएस)। छ.ग. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2018 का आयोजन 17 फरवरी 2019 को 2 पाली- प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरांह तीन बजे से पांच बजे तक संपन्न होना है। कंट्रोल रूम स्थापित- उक्त परीक्षा के आयोजन हेतु जिला कार्यालय कोरबा में कार्यालय अधीक्षक का कक्ष क्रमांक 9 में कट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसका दूरभाष क्रमांक 07759-224611 है।

### दस सूत्रीय मांगों को लेकर अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन, रखा काम बंद

रायपुर (आरएनएस)। भारतीय विधि परिषद के आह्वान पर रायपुर के अधिवक्ताओं ने मंगलवार को अपना काम बंद रख प्रदर्शन किया। ज्ञात हो कि देशभर के समस्त अधिवक्ताओं ने मंगलवार को दस सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। दस सूत्रीय मांगों को लेकर देशव्यापी कार्य स्थगन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत अधिवक्ता संघ, रायपुर द्वारा न्यायालय परिसर स्थित पार्किंग स्थल पर धरना दे रहे हैं।

### शिक्षक ने छात्र को डस्टर से मारकर सिर फोड़ा, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के गुढ़ियारी स्थित एक स्कूल में शिक्षक द्वारा छात्र को डस्टर से मारकर सर फोड़ देना का मामला सामने आया है। मामले में आरोपी बनाया गया शिक्षक फिलहाल फरार बताया जा रहा है।

### दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही गांव के चार युवकों की मौत

**गिधौरी रायपुर मार्ग की घटना**

बलौदाबाजार (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में बुधवार सुबह हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार युवकों की मौत की खबर प्रकाश में आई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हादसे में मृत हुए चारों युवक एक ही गांव के बताए जा रहे हैं। युवकों की शिनाख्ती अभी नहीं हो पाई है। मौके पर पुलिस की टीम पहुंचकर घटना की जांच कर रही है।

### जेवरात बेचने ग्राहकों की तलाश में थी तीन शातिर महिलाएं, गिरफ्तार

**सोने चांदी के जेवरात समेत नगदी रकम जब्त**

बिलासपुर (आरएनएस)। सरकंडा थाना प्रभारी को मुखबीर से सूचना मिली कि 3 महिला सोने चांदी के जेवरात रख बिक्री हेतु नूतन चौक के पास घुम रहे है सूचना पर तत्काल पुलिस एवं महिला स्टाफके साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी पकड़कर थाना लाकर पूछताछ करने पर अपना नाम सवित्री लोनिया, परेमा चौहान, पुनिता चौहान सभी ग्राम घुटकू के रहने वाले है, टीआई एसके जैन ने बताया कि सीपत चौक दिव्य ज्वेलर्स दुकान में गहने खरीदने के बहाने चांदी के बाजूबंद, पायजेप, पायल, झालर पायल चोरी किया गया जिसे बेचने पर 25000 रू. मिले जिसे आपस में बटवारा किये तथा लुतरा शरीफ उर्स के समय एक महिला के बैग से सोने चांदी के गहने चोरी किया गया है आरोपी महिलाओं से पूछताछ में पाया कि ये शातिर एवं आदतन अपराधी है। आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना संरकडा में इस्त. क्र. 02/19 धारा 14(1–4) जाफौ, धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया है। व दिव्य ज्वेलर्स के यहां चोरी का थाना सरकंडा में अपराध क्रमांक 150/19 धारा 379 भादवि के तहत पंजीबद्ध है जिसमें भी गिरफ्तारी की गई।

### प्लाटून कमांडर के हत्यारे हेड कांस्टेबल को आजीवन कारावास

**नवंबर 2013 को घटित हुयी थी वारदात**

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। गश्त के दौरान हुई कहा-सुनी में अपने ही प्लाटून कमांडर पर एके-47 से अंधाधुंध फायरिंग कर हत्या करने के आरोपी 40 वर्षीय प्रधान आरक्षक जानसिंह मरकाम को विशेष अदालत ने आईपीसी की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और 100 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। आरोपी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की 15 वीं बटालियन की ई-कंपनी में प्रधान आरक्षक के पद पर कार्यरत था।

### दो दुकानों में छापा मारकर 350 बोरी अवैध खाद जब्त

जगदलपुर (आरएनएस)। कृषि विभाग ने बस्तर ब्लाक के केशरपाल स्थित चंदन गुप्ता के किराना दुकान में दबिश देकर अवैध रूप से भण्डारण किया गया यूरिया 200 बोरी, एनएफएल 12 बोरी, अमोनियम फॉस्फेट सल्फेट 15 बोरी, पोटास 13 बोरी और सुपर फॉस्फेट 7 बोरी जब्त किया है। इसी प्रकार बकावंड ब्लाक के बड़े जीराखाल निवासी विष्णु प्रसाद पाण्डे ने घर में 86 बोरी यूरिया का भण्डारण कर रखा था।

### रायपुर हाफ मैराथन दौड़ 24 को ऑनलाईन पंजीयन की अंतिम तिथि 15 तक

धमतरी (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आगामी 24 फरवरी रविवार को अटल नगर, नया रायपुर में राष्ट्रीय मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन सुबह 7.30 बजे से किया जा रहा है। खेल अधिकारी सुश्री सुधा कुमार ने बताया कि दौड़ में हिस्सा लेने के इच्छुक 15 फरवरी तक ऑनलाईन पंजीयन कर सकते हैं।

# राज्य की जनता को बड़ी राहत : 1 अप्रैल से बिजली बिल हाफ

रायपुर (आरएनएस)। राज्य भर के विद्युत उपभोक्ताओं को भारी-भरकम बिजली बिल से जल्द ही मुक्ति मिल जाएगी। 01 अप्रैल से 400 यूनिट तक विद्युत खपत करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को अब आधी कीमत पर बिजली बिल जमा करना होगा।




कांग्रेस के जनघोषणा पत्र में बिजली बिल हाफ के वायदे को पूरा करने के लिए सरकार ने कदम बढ़ा दिया है। राज्य की कांग्रेस सरकार ने एक ऐतिहासिक फैसला लिया है। अब तक भारी-भरकम विद्युत शुल्क और जनसुनवाई में भारी विरोध के बाद भी विद्युत टैरिफ शुल्क में लगातार बढ़ोत्तरी से राज्य की जनता त्रस्त हो चुकी थी। आम घरेलू उपभोक्ताओं को भी 1500 से 2000 रूपए तक का विद्युत शुल्क चुकाना पड़ रहा था। कांग्रेस ने सत्ता में आने के पूर्व ही यह घोषणा किया था कि कांग्रेस की सरकार बनने पर हाफ रेट पर विद्युत शुल्क का भुगतान होगा। कुछ समय पूर्व ही राज्य सरकार ने इस दिशा में ठोस कदम उठाया और बजट में इसके लिए पृथक से 400 करोड़ का नवीन मद शामिल किया है। जानकारों की माने तो घरेलू उपभोक्ताओं की औसत खपत 400 से 450 यूनिट तक ही होती है। विशेष परिस्थितियों में यह 500 यूनिट तक जाता है, लेकिन इससे अधिक यूनिट की खपत घरों में होती ही नहीं। बावजूद इसके घरेलू उपभोक्ताओं को भारी भरकम विद्युत शुल्क का भुगतान करना पड़ता था। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा, मार्च माह में क्लोजिंग के बाद 400 यूनिट तक विद्युत खपत करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं का बिजली बिल हाफ हो जाएगा। इस लिहाज से औसत रूप से 1000 रूपए प्रतिमाह विद्युत शुल्क जमा करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को अब केवल 500 रूपए विद्युत शुल्क जमा करना होगा।

## इनामी नक्सली लीडर ने पत्नी के साथ किया आत्मसमर्पण

### नक्सली पर है 13 लाख का इनाम

राजनांदगांव (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में नक्सलियों के खिलाफ जंगल में पुलिस के लगातार चलाए जा रहे



अभियान की कड़ी में बुधवार एक और सफलता पुलिस के हाथ लगी है। मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों के शहरी नेटवर्क से जुड़े एक बड़े कैडर के नक्सली ने अपनी पत्नी के साथ पुलिस के समक्ष सरेंडर किया है।

दुर्ग रेंज के आईजी रतनलाल डांगी ने बताया कि आत्म समर्पण करने वाले नक्सली लीडर का नाम नंदू है और उसकी पत्नी का नाम सती है। दोनों ही नागपुर शहरीय नेटवर्क में कार्य करते थे। ये नौ बड़े वारदातों में भी शामिल रहे हैं। सरेंडर करने वाले नक्सली पर सरकार ने 13 लाख का इनाम घोषित किया है।

## पटरियों का आधुनिकीकरण, लंबी दूरी की कुछ ट्रेनें रद्द

### गोंदिया-झारसुगुड़ा पैसेंजर 28 फरवरी तक रहेगी रद्द

रायपुर (आरएनएस)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत संरक्षा से संबंधित आधुनिकीकरण कार्य के लिए कुछ ट्रेनें प्रभावित रहेगी। इधर कुछ ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है।

रेलवे सूत्रों ने बताया कि दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत विभिन्न सेक्शनों में संरक्षा से संबंधित एवं आधुनिकीकरण का कार्य 09 फरवरी से प्रारंभ हो गई है। इसके फलस्वरूप कुछ गाड़ियों का परिचालन रद्द किया गया है। 09 फरवरी से 28 फरवरी तक झारसुगुड़ा-गोंदिया पैसेंजर को रद्द कर दिया गया है, इसी तरह 10 फरवरी से गोंदिया से झारसुगुड़ा जाने वाली पैसेंजर ट्रेन को रद्द किया गया है। टाटानगर से कुर्ला तक चलने वाली अंत्योदय एक्सप्रेस को इस माह के 14, 17, 21, 24 एवं 28 फरवरी को रद्द किया गया है। वहीं कुर्ला से निकलने वाली अंत्योदय एक्सप्रेस 16, 19, 23 एवं 26 फरवरी एवं 02 मार्च को रद्द किया गया है। इसी तरह नांदेड़-सांतरागाछी एक्सप्रेस इस माह के 18, 25 फरवरी को तथा सांतरागाछी से छूटने वाली नांदेड़ एक्सप्रेस आज 13 फरवरी के साथ ही 20 व 27 फरवरी को रद्द रहेगी।

### भगवानपुर में अतिक्रमण करने का आरोप

रुडकी (आरएनएस)। भगवानपुर ब्लॉक परिसर में अधिवक्ताओं ने आवासीय भवन के सामने अतिक्रमण कर लिया। तहसील व ब्लॉक प्रशासन ने अधिवक्ताओं को वहां से अतिक्रमण हटाने को कहा है।भगवानपुर ब्लॉक परिसर में कई स्थानों से आकर अधिवक्ताओं ने अपने चेंबर बना कर अतिक्रमण कर लिया है। जिसको लेकर तहसील प्रशासन व ब्लॉक प्रशासन ने चेंबर को हटाए जाने की बात अधिवक्ताओं से कही है।

### विस्फोटकों समेत दो नक्सल सहयोगी गिरफ्तार

जगदलपुर। बस्तर पुलिस ने दो नक्सली सहयोगियों को जिंदा कारतूस एवं विस्फोटकों समेत गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बस्तर एसपी डी श्रवण ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर पुराना सेल्स टैक्स नाका केशलूर से दो आरोपियों मंडरा नागेश व भावेश राव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इनके पास से दो नग काले रंग का बैग, 5 नग 12 बोर कारतूस, 3 नग इंसास कारतूस, 3 नग एके 47 के कारतूस, ओप्पो कंपनी का मोबाइल, 25 नग डेटोनेटर, 4 नग बारूद स्टीक, पांच लाख रुपये नगदी सहित अन्य सामग्री जप्त की गई है।

## जांजगीर-चांपा में हसदेव नदी पर बना सोथी एनीकट क्षतिग्रस्त, दोषियों पर कार्यवाही नहीं : सौरभ सिंह

रायपुर (आरएनएस)। विधानसभा में आज ध्यानाकर्षण के माध्यम से सदस्य सौरभ सिंह ने हसदेव नदी पर गलत डिजाइन और निम्न गुणवत्ता से निर्मित सोथी एनीकट के क्षतिग्रस्त होने का मामला उठाते हुए दोषी ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों पर कोई कार्यवाही नहीं होने का मामला उठाया।

श्री सिंह ने अपने ध्यानाकर्षण में कहा कि-जांजगीर-चांपा जिले के हसदेव नदी पर वर्ष 2006 से प्रारंभ होकर 2012 में एनीकट का निर्माण 1775 लाख की लागत से बनाया गया है एवं प्रशासनिक स्वीकृति 1853.75 लाख की दी गई है। इसे प्रचलित शब्दों में सोथी एनीकट कहा जाता है। उक्त एनीकट गलत डिजाईनिंग और निम्न गुणवत्ता का निर्माण के कारण 15-11-2018 को बह कर टूट गया है। ठेकेदार और संबंधित कर्मचारी और अधिकारीगण जिन्होंने इसका निर्माण कराया उन पर कोई नोटिस और जांच आदेश नहीं दिया गया है। विभाग द्वारा इस एनीकट से प्रकाश इण्डस्ट्रीज एवं मध्य भारत पेपर मिल और नदी किनारे किसानों को सब्जी लगाने के लिए जल आपूर्ति की जाती थी। आपूर्ति न होने से विभाग को 30 लाख रूपए प्रतिमाह का नुकसान हो रहा है।

## आरडीएफ प्लांट के कार्यों का निगम आयुक्त ने लिया जायजा

### प्लांट जल्द शुरू करने के निर्देश, आरडीएफव खाद् बनाने की प्रक्रिया की ली पूरी जानकारी

बिलासपुर (आरएनएस)। कमिश्नर प्रभाकर पाण्डेय सालिड एंड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत स्थापित आरडीएफ प्लांट पहुंचे। यहां पहुंच कर आरडीएफ व खाद् बनाने की पूरी प्रक्रिया से वाकिफ हुए। इस दौरान उन्होंने नोडल अधिकारी अनुपम तिवारी को प्लांट चलाने की अनुमति संबंधी कार्रवाई को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

डोर टू डोर कचरा कलेक्शन से आरडीएफ व खाद् बनाने के लिए कछार में प्लांट स्थापित किया गया। प्लांट के कार्यों का अवलोकन करने कमिश्नर कछार पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लैंडफील संबंधित कार्यों की स्टेप टू स्टेप जानकारी ली। मेसर्स दिल्ली एमएसडब्ल्यू सल्युशन लिमिटेड के प्रबंधक टीके मुरलीधरन ने आरडीएफ व खाद् बनाने की प्रक्रिया की जानकारी दी। मुरलीधरन ने बताया कि सबसे पहले कचरा को डंप कर रखा जा रहा है। इसके बाद इसे 75 एमएम की मशीन में डाला जाएगा। यहां से सेग्रिगेशन होकर यह दुकड़ों में बंटने के साथ अलग-अलग होगा। इसके बाद इसे 25 एमएम की मशीन में डाला जाएगा। 25 एमएम की मशीन में दो स्टेप में सेग्रिगेट होगा। इसमें एक जगह से जो मशीन के बीच से नीचे गिरेगा वह खाद् बनेगा और मशीन के अंतिम छोर से जो कचरा गिरेगा वह आरडीएफ बनेगा। 25 एमएम की मशीन के बीच से गिरने वाले कचरा को पुनः 4 एमएम की मशीन में सेग्रिगेशन किया जाएगा। चार एमएम की मशीन में सेग्रिगेशन के बाद यह खाद् बनेगा।

## पुलिस कप्तान की अनोखी मुहिम : थानों में जब्त कबाड़ वाहनों को इकट्ठा कर रखवाया पुलिस मैदान में

बिलासपुर (आरएनएस)। नए पुलिस कप्तान अभिषेक मीणा के कार्यभार संभालने के बाद बिलासपुर पुलिस ने एक अनोखी मुहिम शुरू की है। अलग-अलग मामलों में थानों में जिन वाहनों की ढेर लग चुकी थी उन्हें सभी थानों से इकट्ठा कर पुलिस मैदान में रखा गया है ,इनमें से कोई वाहन चोरी चली गई थी,तो किसी को दुर्घटना के बाद जप्त किया गया था, तो कोई और वाहन किसी और वजह से राजसात की गई थी, लेकिन अब पुलिस कप्तान अभिषेक मीणा और एसपी विजय अग्रवाल की पहल पर उन्हें उनके असली वारिसो तक पहुंचायी जा रही है ,इसके लिए अलग अलग मेक के



वाहनों के पृथक से इंजन नंबर, चेसिस नंबर और रजिस्ट्रेशन नंबर की सूची तैयार की गई है ताकि वाहन के मालिक आसानी से अपने वाहन की पहचान कर सकें। आओ और अपने वाहन ले जाओ वाली इस मुहिम में कोई भी, वाहन के जरूरी दस्तावेज और पहचान दिखाकर कर अपने वाहन हासिल कर सकता है। रोज बड़ी संख्या में लोग मैदान में इन वाहनों को देखने पहुंच रहे हैं और हर दिन कुछ लोगों को उनके दुपहिया वाहनों सौंपे जा रहे हैं।

## रोहित शेट्टी-अजय देवगन सिंघम 3 और गोलमाल 5 को लेकर हैं कंफ्यूज



ऐक्टर अजय देवगन और डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने साथ मिलकर कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। इनके साथ में काम करने का इंतजार फैन्स को भी रहता है क्योंकि वह भी जानते हैं कि यह जोड़ी उन्हें टोटल एंटरटेनिंग फिल्म देगी। वैसे रोहित और अजय फिर से जल्द काम करते दिखेंगे, लेकिन इसे लेकर दोनों ही कंफ्यूजन में भी हैं।

दरअसल, हाल ही में मीडिया से इंटरव्यू के दौरान अजय देवगन ने बताया कि रोहित शेट्टी सिंघम-3 और गोलमाल-5 बनाएंगे। इन दोनों फिल्मों का हिस्सा अजय देवगन भी होंगे। ऐक्टर ने आगे कहा कि हालांकि रोहित और वह इन प्रॉजेक्ट्स को लेकर कंफ्यूजन में हैं।

उन्होंने कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि पहले सिंघम-3 की शूटिंग शुरू की जाए या फिर गोलमाल-5 की। इसे लेकर फिलहाल रोहित शेट्टी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सके हैं।

## कांग्रेस रुद्रपुर में मोदी के कार्यक्रम का विरोध करेगी

रुडकी (आरएनएस)। जिला कांग्रेस कमेटी ने 14 फरवरी को रुद्रपुर में प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का विरोध करने की चेतावनी दी है। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता की तरफ से जारी प्रेस नोट में कहा गया है कि हरिद्वार से करीब 1 हजार कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता कार्यक्रम में पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करने को तैयार हैं। इसी 14 फरवरी को रुद्रपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा का कार्यक्रम है। इसी जनसभा से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की योजना की शुरुआत करेंगे।



उधर कांग्रेस ने मोदी की जनसभा का विरोध करने की चेतावनी दी है। हरिद्वार जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मो. नाहिद खान ने मंगलवार को प्रेस नोट जारी कर इसकी जानकारी दी है। प्रेस नोट में सरकार किसान को रोज 17 रुपये देने की योजना को केंद्र की सरकार किसान सम्मान निधि बता रही है, जबकि इससे स्वावलंबी किसान का अपमान हो रहा है। कहा कि केंद्र सरकार की बाकी की तमाम नीतियों से भी आम आदमी को सुविधा मिलने के बजाय परेशानी हो रही है।

## बिना एक भी पैसा खर्च किए भूलने की बीमारी होगी दूर, बस करना होगा ये एक काम



आजकल की बिगड़ती लाइफ स्टाइल की वजह से हमें कई बीमारियां अपनी चपेट में ले रही हैं. उनमे से ही एक है भूलने की बीमारी. जी हां दौड़ती-भागती जिंदगी में हम अक्सर कई चीजें भूलने लगे हैं. कभी किसी का नाम नहीं याद आता तो कभी कोई रखी हुई चीज भूल जाते हैं. लोगों में ये प्रॉब्लम लगतार बढ़ती जा रही है. ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं इस बीमारी का एक ऐसा इलाज, जिसमे आपको एक पैसा भी खर्च नहीं करना पड़ेगा और आपको इस बीमारी से कुछ राहत मिलेगी. जी हां एक भी रूपये खर्च नहीं होंगे और बीमारी में आराम मिलेगा.

ये इलाज है नियमित व्यायाम. जी हां ताजा शोध के मुताबिक नियमित व्यायाम करके या घर के रोजाना के काम करके याददाशत बरकरार रखी जा सकती है. दरअसल एक शोध के अनुसार, अधिक उम्र के जिन लोगों में अल्जाइमर के लक्षण दिखने शुरू हो जाते हैं वो अगर रोज व्यायाम या घर के डेली काम करें तो इससे याददाशत को बनाए रखा जा सकता है. शोध से पता चला है कि स्वास्थ्य सुधारने, मस्तिष्क पर रक्षात्मक असर पैदा करने के लिए व्यायाम सबसे सस्ता उपाय है.

ये शोध अमेरिका के रश विश्वविद्यालय में हुआ है. यहां के शोधकर्ता एरोन एस बुचमैन ने कहा, ''हमने शोध में भाग लेने वाले लोगों की उनकी मौत से औसतन दो साल पहले की शारीरिक गतिविधि का आकलन किया और फिर मौत के बाद दान दिए गए उनके मस्तिष्क के ऊतकों का अध्ययन किया. हमने पाया कि सक्रिय जीवनशैली से मस्तिष्क पर रक्षात्मक असर पड़ सकता है. शोधकर्ताओं ने पाया कि जब मस्तिष्क में अल्जाइमर बीमारी के लक्षण मौजूद हों तो शरीर को सक्रिय रखने से स्मरण शक्ति बनाए रखने के लिए संज्ञानात्मक रक्षा मिल सकती है.

## दबंग 3 में करीना कपूर खान का डांस नंबर

अभिनेता सलमान खान की मोस्ट अवेटेड फिल्म दबंग 3 फाइनली फ्लोर पर जाने वाली है। फिल्म निर्माता अरबाज खान ने हाल ही में हुई बातचीत के दौरान यह साफ कर दिया था कि फिल्म भारत की शूटिंग खत्म होने के तुरंत बाद वह दबंग 3 की शूटिंग शुरू कर देंगे। यानी अगले महीने मार्च के अंतिम सप्ताह या



फिर अप्रैल के पहले सप्ताह से ही दबंग 3 ऑन फ्लोर होगी।

अब खबर है कि दबंग 3 में मुन्नी बदनाम... और फेविकोल... जैसे हिट डांस नंबर के लिए अरबाज खान ने इस बार फिर से करीना कपूर खान को फाइनल कर लिया है। बीते सप्ताह करीना ने अरबाज से मीटिंग भी की थी। करीना ने दबंग 2 में भी फेविकोल... जैसा सुपर हिट आइटम नंबर किया था। फिल्म में अब तक सलमान खान, सोनाक्षी सिन्हा और कन्नड़ फिल्मों के जानेमाने ऐक्टर सुदीप को फाइनल किया गया है। सुदीप फिल्म में सलमान के दोस्त का रोल निभाएंगे।

दबंग सीरिज में स्पेशल डांस नंबर को लेकर अरबाज बहुत ध्यान देते हैं। दबंग के पहले भाग में मलाइका अरोड़ा ने मुन्नी बदनाम जैसा सुपरहिट गाना किया था।